## खबर संक्षेप

### सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को होगा

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस ''युवा दिवस'' के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2024 को सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर कटनी में प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक किया जाना निर्धारित है। जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर युवा दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थायें एवं आमंत्रण-पत्र तैयार कर जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों तथा जिले के समस्त विभाग प्रमुखें को अपने स्तर प्रेषित करने के निर्देशित किया है। कार्यक्रम हेतु विद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं कक्षा छठवीं से बारहवीं तक छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में सम्मलित कराने के निर्देश दिए है।

### वाहन स्टैण्ड ठेकेदार पर अभद्रता करने के आरोप



**कटनी।** जिला अस्पताल वाहन स्टैंड ठेकेदार और वाहन चालकों के बीच हर दिन विवाद की स्थिति बन रही है। वाहन चालक वाहन स्टैंड ठेकेदार पर गाली-गलौज और अभद्रता करने का अरोप लगा रहे हैं। दलीपुर गांव निवासी भगवत राम यादव ने बताया कि जिला अस्पताल वाहन स्टैंड ठेकेदार वाहन चालकों से अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज कर रहा है। वाहन चालक और ठेकेदार के बीच हो रहे विवाद का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में वाहन चालक और स्टैंड ठेकेदार के बीच हो रहे विवाद को अस्पताल पुलिस चौकी में तैनात पुलिस कर्मी शांत कराते हुए नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि वाहन चालकों से स्टैंड ठेकेदार के अभद्र व्यवहार किए जाने का यह नाम मामला नहीं है, आए दिन ऐसी घटनाए हो रही है। दलीपुर गांव निवासी भगवत राम यादव ने भी ठेकेदार पर वाहन चालकों से गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से करने की बात भी कही है।

### सिलौंडी में बढ़ रही चोरी की घटनाएं



**सिलौंडी।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है । पिछले पाँच दिन में चार बार चोरी की घटना हुई है । अज्ञात चोरों ने 30 दिसम्बर 2023 को शंकर लाल काछी का ताला तोड़ने के बाद उसी दिन जय प्रकाश कछि का नव निर्मित भवन का भी ताला तोड़ा । सिलौंडी पंचायत भवन में 2 जनवरी की रात को पीछे का दरवाजा से 40 इंच एलइडी टीवी चोरी के बाद लगातार दूसरे दिन 3 जनवरी को इन्वेंटर और 2 बड़ी बैटरी भी चोरी कर ली । पंचायत के आवदेन पर पुलिस ने आकर मामले की जांच शुरू कर दी है ।

### अपर मुख्य सचिव ने प्रशंसा पत्र जारी किया

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा निराकरण कराए जाने के फलस्वरुप जिला पंचायत कटनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश स्तर पर जारी ग्रेडिंग में पांचवा स्थान प्राप्त किया था। इस वजह से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव ने जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत को अर्ध शासकीय पत्र के माध्यम से प्रशंसा पत्र जारी कर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बड़वारा थाना के ग्राम कांटी में रामलीला मंचन के दौरान हुई थी वारदात

# नाबालिग ने अपने साथियों के साथ रची थी हत्या की साजिश, तीन हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांटी मे एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। एक नाबालिक बालक द्वारा इस हत्याकांड की साजिश रची गई थी जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने नाबालिग सहित तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

बड़वारा थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि राजेन्द्र राठौर पिता जगपति सिंह राठौर उम्र 23 साल निवासी ग्राम पड़वई जो की ग्राम कांटी मे रामलीला मंचन कर रहा था। इस दौरान कुछ लड़को ब्दारा उसे चाकू मार दिया गया था। जिसे परिजनो व्दारा इलाज हेतु जिला शासकीय अस्पताल कटनी ले जाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के पिता जगपति सिंह राठौर पिता स्व. दुपकाई सिंह राठौर उम्र 50 साल निवासी पड़वई कि रिपोर्ट पर धारा 302,34 ताहि का प्रकरण दर्ज किया गया।



पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया के मार्गदर्शन मे हत्या के आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु दो टीम थाना प्रभारी अनिल यादव एंव उनि लेख सिंह परिहार के नेतृत्व में बनाकर आरोपियो की तलाश की गई।

घटना स्थल के सीसीटीव्ही चेक कर साक्ष्य एकत्रित किये गये एंव विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपिगण जुहला बाईपास मे कही छिपे है। तत्काल स्टाफ ने जुहला बाईपास पहुंचकर तीनो युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए चीप कुमार उर्फ रज्जन चौधरी पिता बराती चौधरी, सचिन चौधरी पिता जगतधारी चौधरी एवं एक नाबालिग बालक उक्त सभी कांटी ग्राम के चौधरी मोहल्ला निवासी हैं।

पूंछताछ करने पर पता चला की राजेन्द्र राठौर एंव अपचारी बालक का वाद विवाद दिनांक 27 दिसंबर 23 को हुआ था। अपचारी बालक अपने दोस्त रज्जन चौधरी एंव सचिन चौधरी के साथ नये वर्ष मे राजेन्द्र राठौर को जान से मारने का प्लान बनाकर वहां आया और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया।

घटना वाले अपचारी बालक अपने घर से चाकू लेकर अपने दोस्त रज्जन चौधरी व सचिन चौधरी के साथ रामलीला देखने गया एंव रामलीला मंच से राजेन्द्र राठौर को बुलाकर अपचारी बालक उससे वाद विवाद करने लगा एंव अपचारी बालक के कहने पर उसके दोस्त रज्जन चौधरी व सचिन चौधरी, राजेन्द्र राठौर को पकड़ लिये जब राजेन्द्र राठौर चिल्लाया तो उसके पिता जगपति राठौर उसे बचाने के लिये दौडे तभी अपचारी बालक अपनी जेब मे रखे चाकू निकाल कर जान से मारने की नियत से चाकू राजेन्द्र राठौर के सिने मे मार दिया। घटना में प्रयुक्त चाकू अपचारी बालक के कब्जे से वरामद की गई। उक्त दो आरोपी को गिरफ्तार एंव अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया गया।

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उनि अनिल यादव, उनि लेख सिंह परिहार, सउनि सतेन्द्र सिंह, सउनि प्रदीप जाटव, सउनि विक्रम सिंह, प्र.आर. लालजी यादव, प्र.आर. नितिन जायसवाल, प्र.आर. नरेन्द्र मिश्रा, प्र.आर. केके शुक्ला, प्र.आर. पवन राज, आर. संतोष यादव, आर. आशीष तिवारी थाना कुठला से आर. अभय यादव की भूमिका रही।

# आदतन अपराधी पर हुई जिला बदर की कार्यवाही

### योगेश दीक्षित को 7 माह के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से किया निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए ग्राम हरदी थाना उमरिया पान निवासी योगेश दीक्षित उम्र 40 वर्ष को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 7 माह की अवधि के लिए निष्काशित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गये प्रतिवेदन के आधार पर किया है।

#### आतंक का बना है पर्याय

योगेश वर्ष 2013 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलग्न है। उसके द्वारा आम जनता को बका जराही लेकर धमकाना, गुंडा गर्दी करना एवं मारपीट कर आम जनता में दहशत फैलाना, चोरी करने एवं अवैध शराब विक्रय करने, कानून व्यवस्था भंग करने के कारण योगेश मोहल्ले तथा आस पास के क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बन चुका है।

योगेश के विरूद्ध गलियां देकर जान से मारने, धारदार हथियार रखनें, जुआ एक्ट, मोबाइल टावर की बैटरी चोरी करने, जनरेटर की बैटरी एवं तांबे की पट्टियां चोरी करने, तेल चोरी करने सहित कई आपराधिक प्रकरण अब तक पंजीबद्ध हुए है। इसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समय समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई लेकिन कोई सुधार परिलक्षित नहीं होने पर इसके कृत्य को रोकने तथा क्षेत्र की शांति व्यवस्था के मद्देनजर योगेश के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

#### पेशी के लिए अनुमति

योगेश को न्यायालय में चल रहे मामलों में नियत पेशी पर उपस्थित होने की सशर्त अनुमति दी गई है लेकिन थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा पेशी होने के तुरंत पश्चात न्यायालय के आदेश का पालन करना होगा।

*बच्चों को ज्यादा समय तक न करनें दे उपयोग*

# मोबाइलों में कार्टून और गेम खेलने का चस्का, बच्चों की सेहत पर विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एंड्राइड फोन का चस्का सिर्फ युवा वर्ग तक ही सीमित नहीं है बल्कि बुजुर्गो से लेकर बच्चों तक में लग चुका है। बच्चे अपने फेवरिट कार्टून व गेम खेलने घंटों मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। मोबाइल छीन लेने पर आसमान सिर पर उठा लेते हैं। माता पिता भी उनकी खुशी के लिए मोबाइल पकड़ा देते हैं लेकिन यह बच्चे और आपके लिए खतरे की घंटी हो सकती है। छोटे बच्चों को मोबाइल की लत लग जाने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी खड़ी हो सकती है।

बेहद कम उम्र के बच्चों में जब मोबाइल गेम्स तथा किसी और चीज की लत लग जाती है तो बच्चे



खाना-पीना,स्वयं की साफ-सफाई जैसी बातो को भूल जाते है और वो धीरे-धीरे चिड़चिड़े पन का शिकार हो जाते है। लगभग हर घर में छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइल थमाया जा रहा है। बच्चे अधिक समय तक मोबाइल का उपयोग कर रहे है, मोबाइल के लिए जिद कर रहे है, मोबाइल नहीं देने पर गुस्सा कर रहे है, तो आप सावधान हो जाइए क्योंकि ये संकेत आहट है उस खतरे कि जो मासूम में गेमिंग डिसऑर्डर के लक्षण बता रहा है। छोटे बच्चों द्वारा मोबाइल के साथ ईयर फोन का भी उपयोग किया जा रहा है, जो और भी खतरनाक साबित हो सकता है। आजकल मोबाइल और आधार नंबरों से बैंक एकाउंट भी ज्वाइंट होता है। ऐसे में कई बार गेम खेलते समय बच्चे आपकी जमापूंजी पर भी चपत लगा सकते हैं, ऐसे कई मामले सामने भी आ चुके हैं।

शिशु रोग विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों को ज्यादा समय तक मोबाइल का उपयोग न करने दें। बच्चों में मोबाइल की लत किसी बीमारी से कम नहीं है। मोबाइल फोन पर गेम खेलते हुए बच्चे से अगर मोबाइल लेने पर अगर बच्चा गुस्से से रिएक्ट करे तो समझ जाइए वह गेमिंग डिसऑर्डर का शिकार हो रहा है। बच्चों का विहेविअर अगर अचानक चेंज दिखे, खान-पान में अरूचि तथा जिद दिखाए तो सावधान हो जाइए। गेमिंग की लत को मानसिक बीमारी के रूप में भी अब देखा जाने लगा है।

## वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का हुआ समाधान



बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित हास्पिटल लाईन सिन्धी स्कूल के पास की वर्षों पुरानी लगभग 300 परिवारों की ज्वलंत जल समस्या की मांग के समाधान हेतु सिन्धी स्कूल के पास सम्पवेल का भूमि पूजन कार्यक्रम सादगीपूर्ण तथा विधि विधान पूजा अर्चना के साथ वार्ड के प्रमुख वरिष्ठ शिक्षक गुरूजी गुलाबराय के कर कमलो से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अन्त मे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जोधाराम जयसिंघानी ने सम्पवेल कार्य के लिए वार्ड पार्षद श्याम पंजवानी एवं महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी का आभार प्रकट किया।

# छात्र छात्राओं को कराया शैक्षणिक भ्रमण, सतधारा पहुँचकर जाना इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं को दार्शनिक स्थल कुम्हीं सतधारा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। ढीमरखेड़ा विकासखंड में अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं ने यहां से बहने वाली हिरन नदी के अलावा अलग अलग मंदिरों में पहुँचकर भगवान के दर्शन किये और पूजा अर्चना किया। कुम्हीं सरपंच मोहन मिश्रा और समाजसेवी रमेश बर्मन ने हिरन नदी और सतधारा के इतिहास के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी।

सतधारा पर मकर संक्रांति पर मेले का आयोजन भी होता है। अन्य प्रदेश के लोग भी यहाँ पहुँचते है।



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल और आनंद विभाग डीपीसी अनिल काम्बले ने छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण से संबंधित जानकारी दी।

ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के नेतृत्व में परामर्शदाताओं ने बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं को भ्रमण कराया। इस मौके पर हिरन नदी के तट पर वन भोज का आयोजन हुआ। जहा सभी लोगों ने सामूहिक रूप से भोजन किया।इस बीच गीत संगीत का सिलसिला भी जारी रहा।

*दौड़ने की बजाये रेंगता नजर आ रहा यातायात, वाहन चालको की फजीहत*

# पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से सड़क में खड़े कर रहे वाहन, लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था में कई निजी अस्पतालों सहित बैंकों की अहम भूमिका है जो सारे नियमों को दरकिनार करते हुए बिना पार्किंग व्यवस्था के ही शहर के रिहायशी क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं। अस्पतालों और बैंकों में पहुंचने वाले लोग अपने वाहन सड़क पर ही पार्क कर देते हैं जिससे यातायात अवरोधित होता है। साथ ही वहां से गुजर रहे अन्य राहगीरों व वाहन चालको को अच्छी खासी मशक्कत का सामना करना पड़ता है।

निजी अस्पतालों व बैंक परिसरों में पार्किंग की व्यवस्था न होने की वजह से लोग अपने वाहनों को लोग सड़को पर ही खड़ा कर रहे हैं। जिसकी वजह से ट्रेफिक की



व्यवस्था बिगडती है। ऐसे में बैंक परिसरों और अस्पतालों के सामने जाम की स्थिति अक्सर बनी रहती है जिससे अन्य लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो कई नियम हैं कि बैंक व अस्पताल के अंदर पार्किंग व्यवस्था का होना भी अनिवार्य है। कुछ बैंकों और अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश अस्पतालों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नियम विरूद्ध बिना पार्किंग के निजी अस्पताल संचालित करने वाले संचालकों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसा नहीं है कि यह बात जिम्मेदार अधिकारियों को नही है बल्कि ऐसे जान बूझकर अनदेखी की जा रही है जिससे खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने में उनका भरपूर साथ दे रहे हैं।

#### यहा लगता है ज्यादा जाम

नगर के मुख्य मार्ग घंटाघर व आदर्श कालोनी मार्ग सहित, नगर निगम के सामने, सुभाष चौक, विश्वकर्मा पार्क तिराहा सहित ऐसे कई क्षेत्र हैं जो अति व्यस्ततम हैं। इन क्षेत्रों में दिनभर वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां संचालित कुछ निजी बैंकों की वजह से लोगों को यातायात में अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां यातायात पुलिस का ध्यान जाता है। बिना पार्किंग के संचालित हो रहे बैंक प्रबंधकों के साथ साथ यहां आने वाले लोगों द्वारा आधे से ज्यादा सड़क पर वाहनों को खड़ा कर कब्जा कर लिया जाता है, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है।

### आयुक्त ने लोकनिर्माण विभाग-जलप्रदाय विभाग की बैठक में दिये निर्देश

# कार्यादेश जारी होने पर भी काम शुरू नहीं करने पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम में बुधवार को निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने आयुक्त कक्ष में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में निगम के इंजीनियरों को स्वीकृत कार्यो की प्रक्रिया पूर्ण कराकर ठेकेदार से कार्य पूर्ण कराने ठेकेदारों द्वारा कार्य समयावधि में पूर्ण कराने एवं जिन ठेकेदारों को कार्यादेश जारी हो चुके है उन्हें निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने व निर्माण कार्य प्रारंभ न करने वाले ठेकेदार मेसर्स अमेन आई टी एण्ड प्रोजेक्ट साल्यूशन कटनी एवं मेसर्स ग्रेविटी कंस्ट्रक्शन करौदी खुर्द पोस्ट बरही जिला कटनी को नियमानुसार नगर निगम कटनी के कार्यो में सहभागी न बनने के कारण 2 वर्ष के लिए



प्रतिबंधित करने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिन वार्डो में सीवर लाइन का कार्य होना शेष है उन वार्डो में सीवर लाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा सीवर लाइन कार्य पूर्ण होने के उपरांत रोड/नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने शहर के प्रत्येक शाला भवनों में महिला एवं पुरूष प्रसाधन का निर्माण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा सहायक यंत्री सुधीर मिश्रा सुनील सिंह अनिल जायसवाल कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल स्टेनो आलोक तिवारी उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय जेपी बघेल संजय मिश्रा पवन श्रीवास्तव शैलेन्द्र पयासी एवं विभाग के लिपिकों की उपस्थिति रही।

#### गर्मियों में पेयजल संकट वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने निर्देश

आयुक्त ने जल प्रदाय विभाग की बैठक में स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की जिसमें निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये पेयजल संकट संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर नवीन नलकूप खनन कराकर वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था बनाने की कार्यवाही मार्च 2024 तक पूर्ण कराने प्रत्येक वार्ड में फायर हाईड्रेन्ट बनाने नलकूपों को चिन्हित कर उन्हें सौर ऊर्जा से संचालित कराये जाने का प्रस्ताव बनाने अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ अभियान चलाकर दल गठित करने एवं पैनाल्टी अधिरोपित करते हुये उन्हें नियमित किया जाकर शत-प्रतिशत जलकर वसूल किये जाने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये गये। समीक्षा बैठक में सहायक यंत्री/विभाग प्रमुख सुधीर मिश्रा उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव प्रभारी जलकर शाखा विनोद सिंह चौहान एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र छात्राओं को मिलेगा योजना का लाभ

**कटनी।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अंतर्गत जिले के ओबीसी, डीएनटी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये ऑनलाईन आवेदन हेतु एनएसपी पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। योजना के तहत आवेदन भरने की अंतिम तिथि 05 जनवरी 2024 निर्धारित है। सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक किसान कल्याण नें जिले के पात्र विद्यार्थी से योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन करनें तथा इस कार्य में सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्या से छात्र-छात्राओं को सहयोग प्रदान करने हेतु कहा है। योजना के संबंध में पात्रता संबंधी जानकारी एनएसपी पोर्टल पर उपलब्ध है। आपनें जिले के पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय - सीमा में पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### मप्र कौशल प्रतियोगिता के लिये पंजीयन 7 जनवरी तक

**कटनी।** इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2024 के अंतर्गत मध्यप्रदेश कौशल प्रतियोगिता के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 07 जनवरी 2024 है उक्त प्रतियोगिता में वे ही उम्मीदवार सम्मिलित हो सकते है, जिनका जन्म जनवरी 2002 के बाद हुआ है। प्रतियोगिता हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास नें बताया कि मध्यप्रदेश कौशल प्रतियोगिता में जिले के जो भी प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते है, वो 07 जनवरी 2024 तक पंजीयन करा सकते है। आपने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये कार्यालीन समय में विकास कुमार गर्ग प्रशिक्षण अधिकारी तथा ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर शासकीय आईटीआई कटनी रोशन नगर एनकेजे से प्राप्त कर सकते है।

### छात्र-छात्राओं को प्रदाय किए जाएंगे निःशुल्क गणवेश

**कटनी।** जिले के शासकीय विद्यालयों (सी एम राइज स्कूलों को छोड़कर) में कक्षा पहली से आठवीं तक के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को चयनित स्व सहायता समूहों के माध्यम से सिलाई उपरांत गणवेश प्रदाय किए जाएंगे। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि वर्ष 2023- 24 में गणवेश सिलाई कार्य हेतु राज्य शासन के पोर्टल पर विकासखंड बड़वारा के 30, बहोरीबंद के 22, ढीमरखेड़ा के 19, कटनी के 29, रीठी के 23 और विजयराघवगढ़ के 20 अर्थात कुल 143 इच्छुक स्व सहायता समूहों के द्वारा इस कार्य हेतु पंजीयन किया गया था। सीईओ श्री गेमावत से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीकृत समूह का शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार परीक्षण कराए जाने के उपरांत बड़वारा के 25, बहोरीबंद के 21, ढीमरखेड़ा के 17, कटनी के 15, रीठी के 21 एवं विजयराघवगढ़ के 19 इस प्रकार कुल 118 पुराने और नए समूह पात्र पाए गए है। उन्होंने कहा कि पात्र स्व सहायता समूहों के संबंध में यदि किसी को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है तो 5 जनवरी की शाम 5 बजे तक जिला पंचायत कटनी कार्यालय में उपस्थित होकर सुसंगत, आवश्यक दस्तावेजों और तथ्यों के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मजरा टोला को पृथक राजस्व ग्राम बनाने अधिसूचना प्रेषित

**कटनी।** कटनी जिला अंतर्गत मजरा टोला को पृथक राजस्व ग्राम बनाये जाने की कार्यवाही की जाना है। जिले की तहसील कटनी अंतर्गत मूल ग्राम हरदुआ, मजरा खिरवा, पटवारी हल्का एवं सेक्टर क्रमांक 58 के आबादी क्षेत्र को छोडकर ग्राम के संपूर्ण क्षेत्र को भू- सर्वेक्षण के अधीन लिया सर्वेक्षण प्रारंभ हाने की अधिसूचना जारी की गई है। कार्यवाही के क्रम में संयुक्त आयुक्त भू- अभिलेख द्वारा जिला अंतर्गत मजरे टोला को पृथक राजस्व ग्राम बनाये जाने उक्त ग्रामों हेतु भू-सर्वेक्षण प्रारंभ होने की अधिसूचना मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 64 के तहत प्रारूप बारह में जारी की जाकर उप नियंत्रक शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय अरेरा हिल्स भोपाल की ओर राजपत्र में प्रकाशित कराये जाने हेतु अधिसूचना प्रेषित की गई है।

### अनचाही बीमारियों का शिकार हो रहे लोग, खेती किसानी में भी परेशानी

# क्रेशर प्लांटों से उड़ती डस्ट परोस रही बीमारियां, शिकायतों पर नहीं सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के बरही व कैमोर क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेशर प्लांटों में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रहीं हैं। इनकी मनमानी पर रोक लगाने वाले अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। क्रेशर प्लांट संचालन के लिए सरकार के नियम निर्धारित है लेकिन नियम का पालन नहीं किया जाता। बरही तहसील क्षेत्र के कई गांवों में क्रेशर प्लांटों का संचालन हो रहा है। प्लांटों के आसपास बस्ती के लोगों के लिए अनचाही बीमारियां परोसी जा रही हैं। प्रदूषण विभाग के नियमों को ताक पर रखकर प्लांट चल रहा है।

#### नियमों का पालन नहीं हो रहा

ग्रामीणों ने कहा कि इस क्रेशर प्लांट में न तो बाउंड्रीवाल है और ना ही पेड़-पौधे, पानी का छिड़काव भी नहीं होता। फिर भी यह क्रेशर नियमों को ताक पर रखकर अफसरों के आशीर्वाद से चल रहा है। प्लांटों से उड़े वाली डस्ट से रोड से निकलने वाले वाहन तक साफ नहीं दिखते। दोपहिया वाहन चालक व राहगीर धूल के कड़ आंख में आने से कई बार भिड़ भिड़ जाते हैं। अधिकारियों की उदासीनता के चलते क्रेशर संचालक अपनी मनमानी पर उतारू है।

#### आसपास के क्षेत्र के लोगों को होती है कई परेशानियां

क्रेशर प्लांट से उड़ने वाली धूल डस्ट से आसपास रहने वाले ग्रामीणों को प्रदूषण से बचाने का कोई इंतजाम नही किया जा रहा। क्रेशर संचालको द्वारा लाइसेंस लेने के लिए नियम का पालन करने की लिखित अनुमति दी जाती है, इसके बावजूद नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। तहसील क्षेत्र के रसूखदारों के क्रेशर प्लांट संचालित हैं। कई संचालक शासन की ओर से निर्धारित मानकों का पालन नहीं करते हैं, जिसकी सजा ग्रामीण भुगत रहे हैं। ग्रामीणों ने क्रेशर से उड़ रही धूल को बंद कराने प्रशासन से मांग की है।

#### उत्पादन पर भी विपरीत असर

क्रेशर प्लांट से उड़ती हुई धूल, डस्ट के कारण वहां काम करने वाले मजदूर और आसपास निवासरत लोग चर्म रोग, दमा, टीवी आदि बीमारियों के शिकार तो हो ही रहे हैं इसके साथ ही कृषि योग्य भूमि भी बंजर हो गई है। प्लांट आसपास खेतों में लगी फसल पर विपरीत असर हो रहा है। फसल के ऊपर धूल और पत्थर के छोटे-छोटे कण पड़ने के कारण फसल का सही विकास नहीं हो पा रहा है जिससे सही मात्रा में लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्रेसर प्लांट से उड़ती हुई धूल खेतों को बंजर बना रही है। जमीन फसलों के उत्पादन के लायक नहीं बचेंगे। खेती को लाभ का धंधा बनाने का सपना सपना ही रहेगा। किसान बाजार में साहूकारों से कर्ज लेकर किसी तरह मजबूरी में खेती करते हैं और जब उपज की सही मात्रा नहीं मिल पाती तो किसान बेहद चिंतित और परेशान नजर आते हैं।



## कटनी को हरा सेमी फाइनल में पहुँची डब्लूसीआर जबलपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में बुधवार को स्पर्धा का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच डीसीए कटनी और डब्लूसीआर जबलपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें जबलपुर ने 52 रनों से मैच पर जीत दर्ज कर सेमीफायनल में प्रवेश कर लिया। जबलपुर टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 188 रनों का स्कोर खडा किया। जबलपुर की ओर से बल्लेबाज शोएब ने 44 रन, दिव्यांश ने 39, अरबाज ने 29, संकल्प ने 15 एवं सूरज ने 13 रन बनाए। जवाबी पारी में कटनी टीम 136 रन ही बना सकी। जबलपुर की ओर से गेंदबाज दिव्यांश ने 3 विकेट, अरबाज व संकल्प ने 2-2 विकेट एवं गेंदबाज हर्षवर्धन ने 1 विकेट झटके। मैच में जबलपुर के आलराउंडर खिलाडी दिव्यांश को मैन आफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच सोमनाथ चौरसिया, मोहनलाल चौरसिया, गोविंद प्रताप सिंह, वीरेंद्र गर्ग, अध्यक्ष आशीष चौरसिया, हेमंत सामल, ओमप्रकाश पटेल, संदीप चौरसिया, प्रिंस अरोरा, गोल्डी चौरसिया, हनी चौरसिया उपस्थित रहे। स्पर्धा में आज 4 जनवरी को बनारस और वाईसीसी उमरियापान के बीच सातवाँ लीग मैच खेला जाएगा। खेल विकास समिति ने खेल प्रेमियों से पहुँचने की अपील की है।

**पेट्रोल, डीजल, सब्जी सहित अन्य सामग्री उपलब्ध**

## कामकाज शुरू होने से जिले की व्यवस्थाएं हुई सुचारू, जनजीवन भी हुआ सामान्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ड्राइवर महासंघ द्वारा हड़ताल वापस लिए जाने के बाद जिले में डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति बहाल हो गई है। इसके साथ ही कृषि उपज मंडी में भी व्यापारियों और किसानों द्वारा नियमित कामकाज शुरू कर दिया गया है। जिले में रोजमर्रा की जिंदगी के लिए जरूरी कामकाज और व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से पुनः संचालित हो रहा है। जिले में ट्रक, बस एवं अन्य सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन की सुविधा बहाल हो जाने से जनजीवन सामान्य हो गया है।

कटनी जिले में पेट्रोल, डीजल, दूध, सब्जी एवं फल आदि का स्टॉक पर्याप्त है, इनके आवागमन में भी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। थोड़ी बहुत जो समस्याएं थीं, उनका समाधान कर लिया गया है। शहपुरा डिपो और मनेरी डिपो से आने वाले टैंकर्स एवं गैस की गाडियां का संचालन बिना किसी गतिरोध के निरंतर हो रहा हैं। ड्राइवरों की हड़ताल समाप्त होने के बाद जिले में यात्री बसों एवं ऑटो आदि वाहन शुरू हो जाने से यात्रियों को भी आने जाने में असुविधा का सामना नही करना पड़ रहा है। यात्री सुगमता से अपने गंतव्य स्थल पर आ-जा रहे है। पेट्रोल पंपों में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता भी बिल्कुल आसान हो गई है।

#### सक्रियता से व्यवस्थाएं रहीं सामान्य

विदित हो को विगत दिवस बस और ट्रक ड्राइवर की हड़ताल की खबर प्राप्त होते ही जिला कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा किए गए प्रयासों एवं सक्रियता के फलस्वरूप जिले में सभी स्थलों पर व्यवस्थाएं सामान्य रहीं।

## अप्रिय घटनाओं से बचने यात्रियों को किया जागरूक



यात्री ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन में आए दिन घटित होने वाली लूट चोरी जैसी अन्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जीआरपी पुलिस के द्वारा इन दिनों रेलयात्री सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। रेलयात्री सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विशेष कर महिला यात्रियों को यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने एवं किसी भी विपरीत परिस्थिति में घटना की सूचना पुलिस तक पहुंचाने की समझाइस दी जा रही है। रेल यात्री सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संचालित की गई गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि रेलयात्री सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आज कटनी रेलवे स्टेशन में मौजूद महिला यात्रियों से संवाद किया गया। उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महिला यात्रियों को सतर्क रहने के संबंध में समझाइस दी गई, साथ ही उनके साथ जानकारी साझा की गई। यात्रा के दौरान सुविधा पूर्वक यात्रा करने की सलाह देते हुए एमपी रेल सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 और ऐप डाउनलोड कराए गए। जीआरपी थाना प्रभारी श्रीमती अरुणा वाहने ने कहा कि रेल यात्री सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत यात्रियों को जागरूक करने के लिए रेल पुलिस के द्वारा आगामी दिनों में कुछ इसी तरह के प्रयास किए जाएंगे।

## फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेषित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्री-रिवीजन कार्यवाही एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि अनुसार पंजीयन से शेष वंचित मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिये पुनरीक्षण संबंधी निर्देश दिए गए हैं। आयोग के निर्देशानुसार 5 जनवरी 2024 तक प्री-रिवीजन गतिविधियों के तहत मतदान केन्द्रों की पुनः व्यवस्था एवं अनुभागों का गठन, मतदाता सूची, ई पीआई सी में विसंगतियों को दूर करने की कार्यवाही की जायेगी।

इस दौरान जहां भी आवश्यक हो, रोल में धुंधली, खराब गुणवत्ता वाली और विशिष्टताओं के अनुरूप नहीं तथा रोल में गैर-मानवीय छवियों को प्रतिस्थापित करके, अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरों को सुनिश्चित करते हुए छवि गुणवत्ता में सुधार किया जायेगा।

अनुभागों, भागों का पुनर्गठन और मतदान केंद्रों के अनुभाग, भाग सीमा स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केंद्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। अंतरालों की पहचान करना और ऐसे अंतरालों को पाटने के लिए रणनीति और समय-सीमा को अंतिम रूप देना और नियंत्रण तालिका का अद्यतीकरण एवं प्रारूप 1 से 8 की तैयारी के साथ ही अर्हता तिथि के रूप में 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करने की कार्यवाही की जायेगी।

रिवीजन गतिविधियों के अंतर्गत शनिवार 6 जनवरी को एकीकृत निर्वाचन प्रारूप नामावली का प्रकाशन किया जायेगा तथा 6 जनवरी से 22 जनवरी तक दावा एवं आपत्ति भरने की तिथि निर्धारित की गई है। इस संबंध में 13 जनवरी से 20 जनवरी तक विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। 2 फरवरी को दावे एवं आपत्तियों को निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी। 6 फरवरी 2024 को निर्धारित मापदंडों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही के साथ ही डेटाबेस को अद्यतन करना और पूरकों की छपाई का कार्य किया जायेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा।

**दिगंबर जैन उमावि में 6 व 7 जनवरी को होगा आयोजन**

## विज्ञान प्रदर्शनी में 30 विद्यालयों के 230 बच्चे दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वैज्ञानिक प्रतिभाओं के प्रोत्साहन हेतु विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र/छात्राओं में उत्साह का संचार करने का कार्य शिक्षा शोध समिति द्वारा विगत 33 वर्षों से किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 06 एवं 07 जनवरी को स्थानीय दिगम्बर जैन उ. मा. विद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन संपन्न होने जा रहा है। कार्यक्रम में 30 विद्यालयों के 230 नन्हें वैज्ञानिक अपनी सृजन क्षमता से साक्षात्कार कराने का प्रयास करेंगे।

समिति पदाधिकारियों द्वारा समस्त विद्यालयों में उनके प्रबंधन के माध्यम से संपर्क स्थापित कर विद्यार्थियों को अपनी प्रस्तुति प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रमुख रूप से चैम्पियन स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, अनामिका अकेडमी, अक्षर नंदन विद्यालय, नालंदा विद्यालय, जैन पूर्व मा. विद्यालय, पुरवार शास. कन्या उ. मा. विद्यालय, शास. उत्कृष्ट विद्यालय, श्री रामकुमार शिक्षा निकेतन, सन्मति सागर कन्या उ. मा. विद्यालय, कुंदनदास उ. मा. विद्यालय, डायमण्ड उ. मा. विद्यालय, लाइम सिटी इंटरनेशनल स्कूल, एम.सी.बी. मैमोरियल स्कूल, मध्य रेल्वे उ. मा. विद्यालय, दिगम्बर जैन उ. मा. विद्यालय, फरुट स्टैप स्कूल, सेक्रेड हार्ट विद्यालय, डी.ए.व्ही. ए.सी.सी. पब्लिक स्कूल, पोद्दार इंटरनेशनल, बार्डस्ले कन्या विद्यालय, अंजुमन इस्लामिया स्कूल, नेचर्स स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय ओ.एफ.के., शास. वेंकट वार्ड उ. मा. विद्यालय, गुरूनानक उ. मा. विद्यालय, जे.पी.व्ही. डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल एवं लिटिल फीट विद्यालय के लगभग 230 बच्चे अपने 125 प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने जा रहे है।

कार्यक्रम के उद्घाटन एवं समापन सत्रों में अतिथियों के रूप में कटनी कलेक्टर श्री अवि प्रसाद जी, पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत रंजन जी, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पी. पी. सिंह जी के साथ ही अन्य विशिष्ट जनों का मार्गदर्शन नन्हें वैज्ञानिकों को प्राप्त होगा। प्रमुख रूप से वैज्ञानिक डॉ. प्रियांशु जैन जिन्होंने बायोफ्यूल प्रोडक्शन एवं नैनो बायो केटालिस्ट प्रिपेरेशन में रिसर्च के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया है का भी प्रेरक मार्गदर्शन बच्चों को प्राप्त होगा।

#### पुरूस्कारों की रहेगी श्रृंखला

निर्णायक मंडल द्वारा दिये गये निर्णय के आधार पर चलित मॉडल/स्थिर मॉडल एवं चार्ट्स की श्रेणी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किये जावेंगे। विशिष्ट पुरूस्कार एवं प्रोत्साहन पुरूस्कार भी आकर्षक का केन्द्र बनेंगे।

समस्त प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। साथ ही तीनों श्रेणी में प्रथम पुरूस्कृत विजेता के विद्यालय को भी सम्मानित किये जाने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया है।

### संकल्प यात्रा में योजनाओं का लाभ पाने हितग्राहियों में दिखा उत्साह

## 10 पंचायतों में आयोजित शिविरों में योजनाओं के स्टॉल लगाये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों की 10 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये। शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने शिरकत की। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी इस मौके पर नागरिकों को दी गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत इमलिया व गुडाकलाँ में, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत सिमरापाटी व नीमखेडा में, जनपद पंचायत ढीमरखेडा की ग्राम पंचायत सनकुई व देवरी बिछिया में, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत जुहली, जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत कैमोरी एवं बिलहरी सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत जिवारा में शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों की मौजूदगी रही।

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

#### इन योजनाओं के लगाए स्टाल

आयोजित हुए शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-

## सुरक्षित परिवहन हेतु सुरक्षा देने लिखा एसपी को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**जिले में सुचारू रूप से जारी रहेगी पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति**

जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त आपूर्ति है। सभी कटनीवासियों से अनुरोध है कि अफवाहों पर ध्यान न दें एवं अनावश्यक रूप से परेशान न हो। जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त आपूर्ति है एवं यह सुचारू रूप से जारी रहेगी।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि मंगलवार 2 जनवरी 2023 को जिले में टैंकर से 74 के एल डीजल एवं 44 के एल पेट्रोल भिटौनी डिपो से लोड होकर पेट्रोल पंप में खाली हुआ है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा पुलिस अधीक्षक कटनी को ड्राइवरों की हड़ताल के फलस्वरूप टैंकरों के परिवहन में हड़ताली ड्राइवरों द्वारा गतिरोध किये जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया है।

अपर कलेक्टर द्वारा प्रेषित पत्र में लेख किया गया है कि जिले के एल.पी.जी. गैस एवं डीजल- पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा भिटौनी शहपुरा डिपो से डीजल एवं पेट्रोल तथा मनेरी डिपो से एल.पी.जी. गैस का परिवहन टैंकरों के माध्यम से किया जा रहा है। किन्तु ड्राइवरों की हड़ताल के फलस्वरूप टैंकरों के परिवहन में हड़ताली ड्राइवरों द्वारा गतिरोध किये जाने की संभावना है। सुरक्षित परिवहन हेतु सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध होने से परिवहन में किसी भी तरह की असुविधा नहीं होगी तथा जिले में पर्याप्त एल.पी.जी. गैस, डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

**खबर संक्षेप**

## शासकीय महाविद्यालय पहुंचे थाना प्रभारी सुधीर बेगी



**पन्ना।** विद्यार्थियों को पुलिस की कार्य प्रणाली,साइबर अपराध महिला अपराध एवं अन्य अपराधों की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी शासकीय स्नातक महाविद्यालय पवई पहुंचे जहां उन्होंने विद्यार्थियों को वाहन चलाने संबंधी नियम एवं कानून के बारे में जानकारी दी,इसके साथ ही साइबर अपराध,महिला अपराध एवं अन्य अपराधों की विषय में भी विद्यार्थियों को बताया, इसके अलावा सभी को जीवन में अनुशासन के महत्व को भी समझायाद्यइस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के मिश्रा सहित स्टाफ एवं सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## प्रदेश के मुखिया की सोच शाजापुर कलेक्टर पर जो की गई उससे समूचे प्रदेश को दिशा दे रही

**पन्ना।** गरीब व जनता के लिये प्रदेश के मुखिया की सोच



संवेदनशीलता स्वमेव चर्चा में आ गई जहां गरीब आदमी के साथ या कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता उसके साथ सम्मान का व्यवहार सीएम चाहते है अब तानाशाही या अफसरशाही नहीं चलेगी यहां तो डॉ0 मोहन यादव का राज जहां त्वरित न्याय व कार्य प्रणाली दे रही सुशासन की पहल का संकेत प्रदेश में सरकार के मुखिया की सोच व कार्यप्रणाली से शासन की दिशा स्वमेव तय होने लगती है वहीं म.प्र. में डॉ0 मोहन यादव की सरकार है यहां किस तरह की दिशा तय होगी यह भी ताजा घटनाक्रम शाजापुर कलेक्टर के हटाये जाने का मामला स्वमेव चर्चा में है। जिस तरह से यहां संवेदनशीलता के साथ प्रदेश सरकार के मुखिया त्वरित निर्णय की दिशा तय कर रहे है इससे तानाशाही व अफसरशाही के हालात पर यह कार्यवाही स्वयं ही संकेत दे रही है म.प्र. में किस तरह से जवाबदेही सुनिश्चित होना चाहिये यहां म.प्र. के मुखिया ने स्वयं अपनी बात कहीं कि पद या काम कोई छोटा नहीं होता सम्मान का व्यवहार होना चाहिये सभी के साथ यहां मुझे बड़ा दुख हुआ वहीं जो दुख हुआ उसको कार्यवाही में व्यक्त भी कर दिया गया शाजापुर कलेक्टर को अंततः ड्राइवर के ऊपर आपा खोकर जो कार्य प्रणाली बेबाक अंदाज में की गई थी वह मंहगी पड़ गई। वहीं सीएम डॉ0 मोहन यादव ने जो यह दिशा तय की है इससे समूचे प्रदेश में सुशासन की पहल संवेदनशीलता के साथ जहां शासन की दिशा स्वमेव जनता के लिये सम्मान के साथ बात व्यवहार को लेकर जानी जायेगी। आखिर अब यह साबित होने लगा कि जनता का राज जनता के लिये बनाये जाने वाले लोकतंत्र में जिन्हें शासन की योजनाओं का कियान्वयन कराये जाने को लेकर जो जिम्मेदारी व्यवस्थापिका के द्वारा कार्यपालिका के जिम्मेदारों के लिये निहित की जाती है उसका पालन सुनिश्चित करना वहीं मर्यादा व संवेदनशीलता के साथ ही लोगों के साथ बाद व्यवहार भी कायम हो यहां यह साफ जाहिर होता है कि जब आम जनता से अच्छे से बात होगी तो निश्चित ही आम जनता का लगाव सरकार के प्रति या उनके जिम्मेदारों पर भरोसा भी कायम होगा। क्योंकि कार्यप्रणाली से ही यह जाना जाता है कि जैसा व्यवहार किया जाता है उसका परिणाम भी तय होता है। सरकार के मुखिया की यह कार्यवाही समूचे प्रदेश के कलेक्टरों के लिये तो एक संदेश तो है ही वहीं समस्त प्रशासन के लिये यह एक फार्मूला जाना जायेगा। अब कम से कम इससे शासन नहीं संवेदनशीलता की सोच से सुशासन की राह तय होगी।

### पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे फल फूल रहा कारोबार

# बेखौफ चल रहे फड़, सट्टा कारोबारी कानून व्यवस्था का उड़ रहे मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

खुलेआम चल रहे नगर व क्षेत्र में सट्टा के अवैध कारोबारी कानून व्यवस्था का खुला मजाक उड़ा रहे हैं। जिसमें अधिकतर युवा पीढ़ी इस अवैध कारोबार के शिकार होकर बर्बाद हो रहे हैं। नगर के चौक चौराहे हो या गलियां सभी जगह सट्टा पर्ची ओपन क्लोज की बातें सुनने को मिलती हैं। लेकिन सोचने वाली बात है कि इस अवैध सट्टा के कारोबार की खबर हटा वर्दीधारियों को नहीं है बाकी सबको पता है पुलिस इस अवैध कारोबार से अनजान बनी हुई है। सूत्रों की माने तो नगर के बस स्टैंड, बड़ा बाजार, राय चौराहा, नायक तिगड्डा, खचना नाका, बजरिया, चंडी नाका, ककराई इलाका आदि स्थान ऐसे हैं जहां सट्टे कारोबारी इस अवैध कारोबार को पनाह देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसके अलावा अनुविभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सट्टा का नेटवर्क फैला हुआ है और खुलेआम सट्टा पर्ची लिखते हुए देखे जा सकते हैं।

इस खेल में आमतौर पर गरीब और मध्यम वर्ग के लोग बर्बाद हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रतिदिन लाखों का सट्टा नगर में खेला जा रहा है। जिससे आम लोगों पर तो उनकी नजर आसानी से पढ़ती है मगर पुलिस पेट्रोलिंग की नजरे इस तरफ क्यों नहीं पड़ती यह सोचने वाली बात है। सूत्रों की माने तो नगर के छुटभैया नेताओं व समाजसेवियों और रसूखदारों को पुलिस प्रशासन का खुलेआम संरक्षण मिलने के कारण सट्टा खिलाने वाले दलालों के हौसले और भी बुलंद हो गए हैं।

### युवाओं का भविष्य हो रहा बर्बाद

सट्टा का यह खेल जीरो से लेकर 9 नंबर तक चलता है और नेट पर एक ही नंबर आता है जिससे 9 नंबरों का रुपया उन्हें सीधा-सीधा बच जाता है कि उसे 10 के 80 मिल गए लेकिन अन्य बाकी खिलाड़ियों के रूपये जिनका नंबर नहीं फंसता है उनका सीधा रुपया सट्टा माफिया की जेब में जाता है।

सट्टा का अवैध कारोबार हटा नगर सहित गांव-गांव में मकड़जाल की तरह फैल गया है जिससे स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इन दलालों की चंगुल में फंसकर अपना लाखों रुपए खराब कर देते हैं गांव में लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन इन सट्टेबाजों और दलालों को सह देता है जिससे यह काला कारोबार समूचे हटा क्षेत्र में खुलेआम रोशन हो रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना सब कुछ देख रहा है। सट्टे के चलते कई घर परिवार बर्बाद हो चुके हैं और कई बर्बाद होने की कगार में है यहां तक कि लोग अपने घर के जेवर तक गिरवी रखकर सट्टे में अपनी किस्मत आजमाते नजर आते हैं। हटा नगर में जगह-जगह हो रहे अवैध कारोबार शायद प्रशासन की सहमति से चलता है पूरे क्षेत्र में हवा की तरह फैली फिर भी प्रशासन के कानों तक खबर नहीं पहुंचती शायद मोटी रकम ने बेहरा बना दिया हो जो उनकी जेब में जा रही है तभी तो कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे युवा वर्ग सट्टा जैसे संगीन अपराध में संलिप्त हो रहे हैं लेकिन इस अपराध को रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। शहर की हर गली मोहल्ले और बाजार में खुले आम सट्टे का कारोबार चल रहा है कभी कभार पुलिस दो चार छोटे एजेंटों को पड़कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है जिससे बड़े सटोरियों के हौसले बुलंद हैं और अवैध कारोबार नगर में खूब फल फूल रहा है और पुलिस प्रशासन दलाल और सट्टेबाजों को सह देकर अपने हिस्से की मलाई आराम से डकार रहा है जिससे नगर व ग्रामीण क्षेत्र की जनता में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। यदि समय रहते इस अवैध सट्टा कारोबार पर नकेल नहीं कसी गई तो आने वाले दिनों में बर्बाद हो रही युवा बेरोजगार पीढ़ी अपराधों में लिप्त होने से कोई नहीं रोक सकता।

# अनीमिया से बचाव के लिए आयरन की गोली का सेवन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

खून में हिमोग्लोबिन की मात्रा का एक स्तर से कम हो जाना अनीमिया कहलाता है। ज्यादातर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को अनीमिया होता है। इससे शरीर मे आयरन की कमी हो जाती है। शरीर मे आयरन का प्रवाह कम हो जाता है। गर्भवती महिला एवं बच्चोंह को अनीमिया से बचाव के संबंध में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने एडवाईजरी जारी की है। उन्होने कहा कि 6 माह से 5 वर्ष के बच्चे को हर माह आयरन सिरप ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर निःशुल्क पिलाया जाता है। उन्हें आगे भी नियमित रूप से आयरन सिरप पिलाने के लिए अभिभावकों को आवश्यक समझाईश के साथ आयरन सिरप की शीशी दी जाती है। जबकि 5 से 9 साल तक बच्चों को आयरन युक्त एक गुलाबी रंग की गोली और 10 से 19 साल के बच्चों को नीली रंग की गोली (आई.एफ.ए.) हर हफ्ते स्कूलो एवं आँगनबाड़ी केंद्रो में खिलाई जाती है। सी.एम.एच.ओ. डॉ बेक ने कहा कि गर्भवती महिलाओं में खून की कमी को रोकने के लिए गर्भावस्था के चौथे महीने से 180 दिन तक हर रोज (आई.एफ.ए.) एक गोली जरूर लें। यदि गोली खाने पर मितली आए, जी मचलाये तो भी गोली खाना जारी रखें। ये परेशानियाँ ज्यादा दिन नहीं होती है। भोजन के लगभग 1-2 घण्टे बाद आयरन की गोली खाने से ये दुष्प्रभाव कम हो जाते है। आयरन की गोली (आई.एफ.ए.) खाली पेट ना लें। दूध, चाय, कॉफी या कैल्शियम की गोली के साथ भी ना लें। आयरन युक्त पोषण आहार का सेवन करें। आयरन की गोली (आई.एफ.ए.) सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं, आँगनबाड़ी केंद्र के अलावा हर माह ग्राम में आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर एएनएम द्वारा निःशुल्क दी जाती है। अनीमिया से बचाव के लिए प्रजनन आयु वर्ग की युवतियाँ भी आयरन की गोलियॉ निःशुल्क आँगनबाड़ी केंद्र से प्राप्त कर सकती है।

## बांदकपुर विस्फोट कांड में नहीं हुई एफआईआर दर्ज

**दमोह।** स्थानीय श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर में ट्रस्ट के द्वारा निर्माण करवाई जा रही दुकानों में से एक दुकान में 26 दिसम्बर की रात्रि को विस्फोटक लगाकर दुकान को गिराने का प्रयास किया गया। एवं मंदिर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया विस्फोट इतना तेज था कि दीवार में बड़े बड़े 2 हाल के साथ दीवार में भी दरार पड़ गई थी। विस्फोट की आवाज समस्त बांदकपुर में सुनाई दी थी जिस पर ट्रस्ट के द्वारा शीघ्र संज्ञान लेते हुए एक आवेदन स्थानीय पुलिस चौकी में दिया गया था। लेकिन 26 दिसम्बर से आज 3 जनवरी समाचार लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा एफ आई आर दर्ज नहीं की है। मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने बताया कि पुलिस ने अगर तत्परता दिखाते हुए संबंधित जगह को सील करके विधिवत जांच की होती तो निश्चित ही साक्ष्य प्राप्त होते और अपराधी तक पुलिस अभी तक पहुंच चुकी होती है। लेकिन स्थानीय पुलिस के द्वारा एवं कुछ उच्चाधिकारियों के द्वारा इस घटना को लगातार दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

## ग्राम में कई वर्षों से निरंतर संचालित हो रहा जुआ का फड़

**गैसाबाद।** ग्रामीण क्षेत्र में जुआ के फड़ खुलेआम संचालित हो रहे हैं जिसे रोक टोकने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणा ने बताया कि दमोह पन्ना मेन रोड ग्राम के बस स्टैंड पर एक बड़ा जुआ का फड संचालित हो रहा है जिसमें रोजाना हजारों रुपए का खेल होता है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने इसकी शिकायत भी की लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसी तरह आदिवासी मोहल्ला मागर माटी के चबूतरे पर रात मे सौर ऊर्जा लाइट के खंबे के उजले में भी देर रात तक जुआ का खेल चलता है। खिलाड़ी देर रात तक जोर-जोर से आवाज करके दाव पर दाव लगाते हैं जुआ के खेल से होने वाले शोर से यहां पर निवासतर लोगों की नींद में खलन पैदा होती है। लोग अच्छे से सो नहीं पाते हैं। महिलाओं के बताएं मुताबिक जुआ खेलने वाले खिलाड़ी आधी रात तक जुआ खेलते हैं और खेल में गंदी गंदी गालियां भी बकते हैं। जिससे हम लोगों को असुविधा हो रही है । ग्रामीण जनों ने पुलिस प्रशासन से जुआ के खेल पर प्रतिबंधित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# बांदकपुर धाम में शिव भजन का विमोचन

### सोए मन को जगाए हैं की धुन पर झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बांदकपुर



देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पर सिनेमैटोग्राफर हरीश पटेल के मार्गदर्शन में ओम शिव शक्ति फिल्म इंटरनेशनल द्वारा सोए मन को जगाए है। बांदकपुर वाले जागेश्वर नाथ गाना का विमोचन बांदकपुर मंदिर परिसर से किया गया। संगीत को स्वर शिवम पांडे ने दिया संगीत आकाश पटेल, सहयोगी बिरजू पाल, निर्माता हरीश पटेल, रिकॉर्डिंग रामराज स्टूडियो मुंबई रिकोडिस्ट डीके दीवाना है। श्री जागेश्वर नाथ कारीडोर निर्माण अभियान के सदस्यों ने गाने का विमोचन किया बांदकपुर के युवा शिवभक्त शंकर गौतम ने बताया की दमोह निवासी हरीश पटेल एक प्रसिद्ध सिनेमेटोग्राफर है। मुंबई में इनकी पूरी टीम फिल्म निर्माण का कार्य करती है हरीश पटेल की जागेश्वर धाम बांदकपुर में गहरी आस्था है। जिसके चलते वह चलते वह बांदकपुर धाम पर एक फिल्म मूवी बना रहे हैं। जिसमे वह मंदिर के इतिहास की जानकारी प्रस्तुत करेंगे जिसकी विगत माह बांदकपुर में शूटिंग भी की गई इसके साथ ही उन्होंने अभी हाल ही में बांदकपुर भगवान जागेश्वर नाथ के चरणों में एक सुंदर मधुर भजन सोए मान को जागये हैं। एल्बम को प्रस्तुत किया है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। गाने के माध्यम से श्री जागेश्वर नाथ भगवान की ख्याति संपूर्ण भारतवर्ष सहित देश विदेश तक पहुंचाने का कार्य इन्होंने किया है। इसके लिए पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई साधुवाद शुभकामनाए। इस दौरान प्रमुख रूप विक्रांत गुप्ता ,ललित किशोर यादव,बीरु नेमा, कृष्णा पटैल, महेद्र तिवारी, नितिन तोमर की उपस्थिति रही।

# रोजगार के लिए मजबूरी में परिवार सहित पलायन करते हैं ग्रामीणजन

### ट्रेनों में जगह नही फिर भी लटके जाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

एक तरफ आजादी का अमृत महोत्सव मना लिया है पर आज भी आम आदमी के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार अपने गांव व गांव से लगे कस्बा में उपलब्ध नही हो पाने से मजबूरन वह अपने घर को छोड़कर बाहर रोजगार के लिए भटकते हैं। जहां वह अपने पूरे परिवार को लेकर झुग्गियों में निवास करता क्योंकि मजबूरी रहती है। शहरों में किराए का मकान में रहेंगे तो अपने परिवार का भरण पोषण कैसे कर पायेंगे। इसलिए झुग्गियों में निवास बना लेते हैं। वही बाहर भी रोजगार कभी इधर कभी उधर मिलता है जिससे ना तो बच्चों को पढ़ा लिखा नहीं पाते। सोचने वाली बात है आजादी के 75 वर्षो से ज्यादा समय बीत गया पर क्षेत्र में ऐसा कोई जनप्रतिनिधि नही जिसने कभी भी इस ओर ध्यान दिया हो। कहने के लिए पथरिया विधानसभा में मायसेम सीमेंट फैक्ट्री है पर वहां किसका बोलबाला है यह किसी से छिपा नहीं हर जनप्रतिनिधि चुनाव के बाद वहां अपने लिए लाभ लेना चाहते हैं। जनता को रोजगार मिले वहां इस पर कोई बात नही करते जबकि जिस विधानसभा क्षेत्र में फैक्ट्री रहती वहां के लोगों को प्राथमिकता मिलना चाहिए पर सब अपने व चहेतों के अलावा किसी और को वहां काम मिलें इस बार बात नही होती। क्षेत्र में हर गांव से लोगों का पलायन हो रहा लेकिन फिर भी कोई बात नही हो रही है। चुनाव में मतदान के समय जरूर टिकट व खर्चा देने की बात करते हैं और वोट डालने के बाद चलें जाओ कोई बात नही। यह आज तक किसी ने नही सोचा कि आखिर हम अब अपने गांव व शहर से पलायन को रोकने के लिए पहल करेंगे। विगत 3 दिनों से बसों की हड़ताल चल रही है जिससे अब ट्रेनों में लोगों की भीड़भाड़ ज्यादा हो रही है। वैसे ही ट्रेनों में जनरल बोगी में जगह नही रहती और अब ऐसे में तो खड़े होने तक के लिए जगह नहीं है। स्लीपर में मजबूरन लोगों को स्टेशन पर चढ़ रहें हैं नही तो वह गंतव्य तक पहुंच नही सकते आम आदमी के लिए वैसे भी रेल्वे प्रशासन ने ट्रेनों में जनरल बोगी कम कर दिया। जैसे तैसे स्लीपर में रिजर्वेशन कराये तो अब वह भी कम हो रहें। ऐसी कोच बढ़ाए जा रहें हैं। ऐसे में आम आदमी को मजबूरन जनरल बोगी में यात्रा करना पड़ता है। ट्रेनों में जनरल बोगी बढ़ना चाहिए रेलवे व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए पर नही दिया जा रहा। आम आदमी रोजगार के लिए अपने गांव से दूसरे शहर जा रहा ताकि रोजगार उपलब्ध हो और अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। इसलिए मजबूरन जहां जगह मिलती अपने परिवार सहित जाते है। आखिर आम आदमी कर भी क्या सकता है इससे ज्यादा। क्षेत्र में इस बार पुनः विधायक के साथ मंत्री मिला है अब देखना होगा कि क्षेत्र में क्या क्या रोजगार उपलब्ध हो पाते या नही।

# मृदा स्वास्थ्य कार्ड का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर मयंक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में यह यात्रा मौसीपुरा में शिविर का आयोजन कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। इस शिविर में जनप्रतिनिधियों ने शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया गया। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत बटियागढ़ विकासखण्ड के बकायन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकतपुर एवं ग्राम पंचायत बम्होरीभाट, पथरिया विकासखण्ड के सदगुवां सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत झागर एवं ग्राम पंचायत वरधारी, हटा विकासखण्ड के सनकुईया सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत सनकुईया एवं ग्राम पंचायत विनती, पटेरा विकासखण्ड के नयागांव सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत नयागांव एवं ग्राम पंचायत बिलगुंवा, तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के बम्हौरी पांजी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत समनापुर एवं ग्राम पंचायत जामुन तथा जबेरा विकासखण्ड के नोहटा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत मौसीपुरा एवं कुलुवा तथा ग्राम पंचायत हिनौती ठेगापटी विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई।

## प्रभारी कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**पन्ना।** जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर संघ प्रिय ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों सहित एकल व समूह ग्राम जल प्रदाय योजनाओं के प्रगति व क्रियान्वयन की समीक्षा की। साथ ही शालाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही निरंतर मॉनीटरिंग भी सुनिश्चित करें और कार्य की पूर्णता से संबंधित विशेष मुद्दों के निराकरण के संबंध में चर्चा कर अवगत कराएं। अधिकारियों को हर घर जल रिपोर्ट प्रमाणीकरण में आने वाली दिक्कतों को दूर कराने के निर्देश भी दिए गए। प्रभारी कलेक्टर द्वारा ईई पीएचई से एकल जल प्रदाय योजना वाले ग्रामों में कार्य की पूर्णता संबंधी जानकारी भी ली गई। जिले की विभिन्न शालाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्वास्थ्य केन्द्रों में योजना अंतर्गत जल उपलब्धता की समीक्षा के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा। स्कूलों में बंद मोटर और जरूरी सुधार की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत शालाओं, आंगनबाड़ी केन्द्र और स्वास्थ्य केन्द्रों में निर्माणाधीन कार्य की समीक्षा कर किसी भी स्थिति में बगैर सत्यापन के योजना को हैण्डओवर नहीं करने के लिए कहा। डीपीसी को नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर शाला परिसर में एक माह में कार्य की पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली कनेक्शन के उपरांत ही पेयजल कनेक्शन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ अधिक छात्र पंजीयन वाले स्कूल में कार्य की पूर्णता पहले सुनिश्चित कराएं। इस कार्य में स्कूल और पंजीकृत बच्चों के हिसाब से आवश्यक कार्यवाही में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जाएगी।

## सागर शुक्रवारी की टीम को लुहर्रा बांदकपुर की टीम ने पछाड़ा, मैच से किया बाहर

### आज एन एस क्लब हटा और दमोह डेंजर के बीच होगा मुकाबला



**रनेह।** नल दमयंती क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच लुहर्रा बांदकपुर और सागर शुक्रवारी के बीच खेला गया। जिसमें लुहर्रा बांदकपुर की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 16 ओवर में 158 रन का लक्ष्य दिया, जवाबी पारी खेलने उतरी सागर शुक्रवारी की टीम 135 रन पर ऑल आउट हो गई। मैच के हीरो और मैन ऑफ द मैच पंछी कटनी रहे, जिन्होंने 3.5 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। नल दमयंती क्रिकेट ट्रॉफी में 2022 और 2023 के मैच में सागर शुक्रवारी लगातार दो बार फाइनल विजेता रही, मगर आज लुहर्रा बांदकपुर की टीम ने संभागीय टीम को क्वार्टर फाइनल में ही टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अंपायर संतोष राय और लोकेंद्र सिंह रहे, कमेंटेटर जहांगीर खान अड्डू, अरबाज खान रहे स्कोरिंग अरमान खान ने की, वही व्यवस्थापक के रूप में पप्पू खान, अजय बंसल, अंकेश, रज्जू भाई, राज साहू, ऋतिक, देवेंद्र, रियान की मौजूदगी रही। आज का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच एन एस क्लब हटा और दमोह डेंजर के मध्य होगा।

## राज्य मंत्री पटेल का किया स्वागत



**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) लखन पटेल जी का ग्राम बनगांव तहसील पटेरा जिला दमोह में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह भारतीय जनता पार्टी के हिंडोरिया मंडल उपाध्यक्ष आलोक जैन बनगांव के नेतृत्व में किया गया। बनगांव ग्राम वासी बबलू यादव, राजेश श्रीवास्तव, मनोज रजक, लक्ष्मी विश्वकर्मा, सौरभ जैन, विजय जैन रमेश जैन, तुलसी पटेल ने कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया एवं ग्राम वासियों ने राज्य मंत्री जी को ग्राम बनगांव की विकास से संबंधित चर्चाएं करी एवं सिंचाई सुविधा हेतु सीता नगर परियोजना में ग्राम बनगांव को जोड़ने का निवेदन किया। मंडल उपाध्यक्ष श्री आलोक जैन ने राज्य मंत्री जी को बताया गया कि परियोजना में बिछाए जाने वाली पाइपलाइन ग्राम बनगांव से होते हुए आगे के गांव के लिए गई है परंतु किंचित कारणों से ग्राम बनगांव वंचित रह गया है अतः निवेदन है कि ग्राम बनगांव में भी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाए। माननीय राज मंत्री जोड़ा शासन स्तर पर इस विषय पर चर्चा करने का कहा गया एवं योजना में गांव को शामिल करने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### मानक संचालन प्रक्रिया समिति की बैठक 9 जनवरी को

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों (ई.एस.सी.) एवं व्यय संवेदनशील क्षेत्रों (ई.एस.पी.) की पहचान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) समिति की बैठक 09 जनवरी 2024 को जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शाम 05 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों से आयोग के निर्देशानुसार जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के लिये कहा है।

### जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 04 जनवरी को दमोह विकासखण्ड के मुडारी जुझार सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडारी जुझार में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत रियाना में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के बकायन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत निबोराकलां में प्रातः 10 बजे एवं खड़ेरी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत कैथोरा में दोपहर 02 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के सदगुवां सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया छक्का में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत मोहनपुर में दोपहर 02 बजे से, हटा विकासखण्ड के निमरमुंडा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत निमरमुंडा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क में दोपहर 02:30 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के वर्रट सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत वर्रट में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत इमलिया में दोपहर 01:30 बजे से तथा तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के तारादेही सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पौडी में प्रातः 10 एवं ग्राम पंचायत चंदना में अपरान्ह 03 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

### अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का ज्ञापन 8 को

**दमोह।** म.प्र. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई 8 जनवरी को शाम 4:30 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि जिले के शिक्षकों, पटवारियों एवं लघु वेतन कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर शासन द्वारा मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त संघों के पदाधिकारी 8 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट के समक्ष एकत्रित होंगे तथा रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। जिला अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी एवं संरक्षक राकेश हजारी ने ज्ञापन में शामिल होने की अपील कर्मचारियों से की।

### शास्त्री महेन्द्र दुबे को मातृ शोक

**दमोह।** स्थानीय गाइडलाइन श्रीराम मंदिर के पुत्र गोविंद दुबे, पुजारी महिमानंद शास्त्री महेंद्र दुबे की माता जी कृष्ण प्यारी दुबे का दिनांक 1 जनवरी 2024 दिन सोमवार को देव लोकगमन हो गया। उनके निधन पर सभी वर्ग के नागरिकों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### किसानों के नाम पर धोखाधड़ी, भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सोंपा ज्ञापन

# फर्जी पंजीयन कर समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में हो रही गड़बड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा जनपद में संचालित धान खरीदी केदो पर अभी तक अमानक धान खरीदी अधिक तुलाई जैसी व्यापक गड़बड़ियां हर धान उपार्जन केंद्र से सामने आ रही हैं लेकिन खरीदी प्रबंधन से लेकर गड़बड़ियां रोकने के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों के बीच चल रहा कमीशन का खेल जहां शासन को अमानक धान खरीदी करके व्यापक चूना लगाया जा रहा और निर्धारित भजन से अधिक तुलाई करके किसानों के साथ लूटमार मची है जिस पर कहीं से अंकुश लगता नहीं दिखाई दे रहा है जिसको लेकर भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के तत्वाधान में मुख्यमंत्री के नाम जबेरा तहसीलदार को एक ज्ञापन सोपा गया है जिसमें उल्लेख किया गया है किसानों के नाम पर धोखाधड़ी सिद्धांत उपार्जन पंजीयन कर समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन करने की धोखाधड़ी खरीदी केदो पर बढ़तपुर जारी है समर्थन मूल्य धान उपार्जन किसान पंजीयन में दमोह जिले की सेवा सहकारी समिति उपार्जन पंजीयन केंद्र में पदस्थ समिति प्रबंधक समिति में नियुक्त किए गए कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा किसानों के नाम पर जालसाजी से पंजीयन किए गए हैं हैरानी की बात तो यह है राजस्व विभाग द्वारा फर्जी पंजीयन सत्यापित भी कर दिए गए हैं और फर्जी पंजीयन पर धान उपार्जन करवाने के षड्यंत्र में एनआईसी जिला उपार्जन समिति एवं अनाज माफिया की मुख्य भूमिका है बाजार में सदा धान की कीमत 1600 रूपये किवंटल और धान समर्थन मूल्य 2175 रुपए प्रति किवंटल है जिसका फायदा उठाने के लिए अनाज माफिया को 500 अ प्रति किवंटल मुनाफा के लिए किसानों के नाम से धोखाधड़ी हो रही है इस जालसाजी में किसानों के नाम फर्जी पंजीयन धोखाधड़ी पंजीयन करने वाला कृषक नाम मात्र की जमीन है उसके उसके नाम से मिलते नाम की जमीन का पंजीयन में नाम जोड़ दिया गया और अन्य दूसरे किसानों के नाम भी जालसाजी से एक ही पंजीयन में जुड़े हैं छोटे रखवा वाले आदिवासी हरिजन किसान के नाम पर जालसाजी से समर्थन मूल्य पर किसानों को पता ही नहीं चलता कि किसी ने हमारे नाम पर पंजीयन कर लिया धोखाधड़ी फर्जी पंजीयन के संबंध में भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत अध्यक्ष श्री रमेश यादव के द्वारा तहसीलदार जबेरा के लिए सौंप गए ज्ञापन में फर्जी पंजीयन की सूची सौंपते हुए फर्जी बाड़े पर कार्रवाई करने की मांग की गई थी लेकिन अधिक खरीदी होने के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई ज्ञापन में किसानों के नाम पर जालसाजी से पंजीयन करवाने वाले पंजीयन केंद्र समिति प्रबंधक डाटा एंट्री ऑपरेटर कार्यवाही की मांग करते हुए जालसाजी पंजीयन करने वाले समिति प्रबंधक ऑपरेटर से धान उपार्जन का कार्य कराया जा रहा है जिसमें गंभीर अनियमिताएं की जा रही हैं ऐसी सेवा सहकारी समितियां जो शासन को आर्थिक क्षति पहुंचने का काम कर रहे हैं उन्हें तुरंत उपार्जन कार्य से हटाया जाए जालसाजी से किए गए पंजीयन को सत्यापित करने वाले राजस्व अधिकारियों एवं संबंधित जिला उपार्जन समिति सदस्यों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है सभी पंजीयन की पुनः जांच कराई जाए जल साजिश से किए गए सभी पंजीयन निरस्त किए जाएं फर्जी पंजीयन पर किया गया धान उपार्जन का भुगतान न किया जाए जिस किसान के नाम की जमीन से खसरा नंबर पर उपज का उपार्जन हुआ है मूल किसान के बैंक खाते में भुगतान किया जाए पंजीयन करने वाले किसान की भू स्वामित्व जमीन का ही धान उपार्जन किया जाए

#### धान भंडारण में हेरा फेरी का आरोप

किसानों से मानक धान का उपार्जन कर अमानत कचरा मिट्टी मिली धान की अदला बदली कर भंडारण संविधान उपार्जन केदो में किए जाने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत ने उच्च स्तरीय जांच दल द्वारा भंडार धान की जांच करवाते हुए संबंधित पर कार्रवाई की जाए समय रहते उक्त बिंदुओं पर कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के द्वारा धरना आंदोलन प्रदर्शन की चेतावनी शासन प्रशासन को दी है।

### जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने किया आदेश जारी

# जिले में चायनीज मांजे के निर्माण उपयोग पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

चायनीज मांजा जो की कांच एवं धातु की धूल से निर्मित की जाती हैं, विद्युत कंडक्टर की तरह व्यवहार करती हैं और प्रायः ट्रिपिंग का कारण भी बनती हैं, जिससे विद्युत व्यवधान, उपकरणों की खराबी के साथ-साथ जनहानि का खतरा बना रहता है। मध्य प्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 5 के अंतर्गत पतंग उड़ाने में उपयोग किये जाने वाले प्लास्टिक/सिंथेटिक मटेरियल से निर्मित नायलॉन मांजे से पक्षियों एवं मानवों को होने वाले दुष्प्रभाव के कारण इसका उपयोग प्रतिबंधित किया गया हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल द्वारा भी चायनीज मांझे को देशभर में प्रतिबंधित किया गया हैं। शासन से प्राप्त निर्देशों के पालन एवं भविष्य में चायनीज मांझे से किसी भी प्रकार से जानमाल की हानि, विद्युत दुर्घटनाओं एवं विद्युत व्यवधान से बचा जा सके, को दृष्टिगत रखते हुये जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने संपूर्ण दमोह जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं। जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व पर जन समुदाय द्वारा बड़ी संख्या में पतंगे उड़ाई जाती है। कुछ पतंग निर्माताओं द्वारा चायनीज मांजे का उपयोग किया जाता है। चाइनीज मांजे के उपयोग से पक्षियों के घायल होने एवं मौत की आशंका तथा सड़क पर चलने और बाइक सवार व्यक्तियों के भी घायल होने की आशंका रहती हैं। चाइनीज मांजा बिजली के तारों से उलझने से कई बार बिजली सप्लाई प्रभावित होती है। जारी आदेश में चायनीज मांजे से कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए दमोह जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में चायनीज मांजे का निर्माण, उपयोग एवं विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। प्लास्टिक, सिन्थेटिक मटेरियल से निर्मित चायनीज/नायलोन मांजे का निर्माण, उपयोग एवं विक्रय प्रतिबंधित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, मार्ग, मकानों की छतों पर पतंग उड़ाने के दौरान चायनीज मांजे का उपयोग नही कर सकेगा। इसी प्रकार जिले के समस्त थोक व्यापारी और विक्रयकर्ता चायनीज मांजे का क्रय विक्रय नही कर सकेगें।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची पटेरा



**पटेरा।** नगर पटेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जिसमें योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों को जानकारी दी गई। साथ आवेदन व शिकायत दर्ज कर त्वरित निराकरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हटा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि लालचंद खटीक रहे। अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर से सभी विभागों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिरकत की और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिबिर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों के द्वारा फ्री चेक अप कराकर ब्लड प्रेशर, शुगर लंबे समय की खांसी आदि बीमारियों की की औषधि प्राप्त की गई। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष महोदय श्रीमती कमल रानी दुलीचंद अहिरवार एवं उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पार्षद श्रीमती सरस्वती चौरसिया, श्रीमती नीतू उपाध्याय, श्रीमती ममता आदिवासी, पुष्पेंद्र सोनी, अमर सिंह, कन्नू बंसल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री पटेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सावित्री उपाध्याय, महिला मोर्चा के अध्यक्ष श्रीमती मधु दुबे, भारतीय जनता पार्टी के नेता दुलीचंद अहिरवार एवं नव अंकुरण जन अभियान परिषद के अध्यक्ष मुन्ना अवधिया अभी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद पटेरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम सिंह चौहान एवं नगर परिषद के कर्मचारी की भूमिका रही।

## भोलेनाथ का मनमोहक श्रंगार



**दमोह। बुधवार को जागेश्वरधाम बांदकपुर में भोलेनाथ का अदभुत श्रंगार किया गया। शाम को श्रद्धालुओं ने भोले बाबा की मनोहारी छवि के दर्शन, आरती की।**

## हरदुआ सड़क में उपचुनाव के लिए 5 जनवरी को होगा मतदान



**दमोह।** हटा विकास खंड की हरदुआ सड़क ग्राम पंचायत की निर्वाचित सरपँच रश्मि मुड़ा के सहायक शिक्षक पद पर चयन होने से उन्होंने सरपँच पद से इस्तीफा दे दिया था। इस रिक्त पद पर निर्वाचन के लिए 5 जनवरी को मतदान होगा। सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गयी हैं। आदिवासी वर्ग की महिला के लिए आरक्षित सरपँच पद के लिए पांच प्रत्याशी दीपा रानी राजगोंड, कुसुमरानी, सुनयना, रेशु शैलेन्द्र मुड़ा एवं संतोषी मुडा के बीच मुकाबला होना तय हैं। यहां 1260 मतदाता जिनमे 638 पुरुष एवं 622 महिला मतदाता तीन मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हरदुआ सड़क एवम घुटारिया ग्राम मिलाकर हरदुआ सड़क के सरपँच के पद के लिए प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ई व्ही एम मशीन से मतदान होगा और तुरंत बाद ही मतगणना होकर परिणाम घोषित हो जाएगा। निष्पक्ष मतदान हेतु नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार एवं हटा टी आई मनीष मिश्रा ने संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत का भ्रमण किया तथा मतदान केंद्रों की व्यावस्थाओ का निरीक्षण किया। पुलिस ने ग्रामो में पैदल मार्च निकालकर निष्पक्ष और निर्भीक मतदान का संदेश दिया।

## महाविद्यालय में निरंतर अनियमित्तायें, समय पर नहीं आते कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़



बटियागढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा उपरांत सन 2013 में प्रारम्भ हुआ। माता सावित्रीबाई फुले शासकीय महाविद्यालय, जो 546.17 लाख की लागत से स्वयं के नवीन भवन में संचालित है। लेकिन इस महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति दयनीय है। विद्यार्थियों द्वारा की गई लगातार शिकायतों के उपरान्त जब मीडिया ने महाविद्यालय में जा कर देखा गया तो 80 प्रतिशत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जानकारी के अनुसार अधिकारी जब चाहे अपनी मर्जी से आते हैं, एवं जाते हैं। महाविद्यालय के कर्मचारी मुख्यालय से दूर दमोह-हटा में निवासरत हैं। प्रतिदिवस अपडाऊन करते है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह (क्रीड़ाधिकारी) अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं थे। एवं न ही उनका अवकाश का आवेदन था, कार्यरत 6 अतिथि विद्वानों में से सिर्फ 1 ही उपस्थित था, केवल ग्रंथपाल का अवकाश का आवेदन महाविद्यालय भेजा गया था। बाकि समस्त स्टाफ 1 जनवरी को ऐच्छिक अवकाश होने के कारण महाविद्यालय में बगैर आवेदन के अनुपस्थित था। अधिकारी कर्मचारी, शैक्षिणिक स्टाफ की अनुपस्थिति की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है। जिसका सबसे ज्यादा नुकसान अध्ययनरत विद्यार्थियों का हो रहा है। एक छात्र ने बताया है की शिक्षक नियमित रूप से आते तो हैं, लेकिन क्लास में पढ़ाने नहीं आते, प्राचार्य भी 1 बजे के बाद ही महाविद्यालय में आते हैं और 4-5 बजे चले जाते है। हफ्ते में 3 से 4 दिन बटियागढ़ महाविद्यालय में रहते तथा बाकि दिन अपने गृह निवास ग्वालियर में रहते है, सालों से ऐसा ही करते आ रहे हैं। नियमानुसार मुख्यालय स्थल पर निवास नहीं करते, दमोह में रहते हैं। सभी अधिकारी मन मनर्जी से आते जाते हैं, महाविद्यालय में बहुत अधिक अनियमितायें फेली हुई है, माहौल ख़राब किया हुआ।

### पटेरा नप परिषद पार्षद उप चुनाव

## कांग्रेस ने दो के विरुद्ध की निष्कासन की कार्रवाई, पार्षद को नोटिस जारी

**पटेरा।** पटेरा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद के रिक्त पद पर उपचुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी दशरथ अहिरवार के विरुद्ध निर्वाचन लड़ने वाले कांग्रेस के रवि कोरी के साथ थी उनके पिता चौदा कोरी निवासी वार्ड क्रमांक 6 को अनुशासनहीनता के कारण 6-6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले रवि कोरी की भाभी व पार्षद वार्ड क्रमांक 6 पूनम कोरी को नोटिस जारी का जवाब मांगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतन जैन एवं जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी सतीश जैन के हस्ताक्षर से उक्त निष्कासन पत्र जारी कर संबंधितों को भेज दिए गए हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री जैन ने बताया कि एक अन्य प्रत्याशी चंद्रभान अहिरवार द्वारा समझाईश पर अधिकृत प्रत्याशी का समर्थन कर देने से उसके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सावित्रीबाई फुले की जयंती



**दमोह।** तीन दिवसीय महिलाओं की प्रौढ़ साक्षरता हेतु कक्षाओं का समापन सावित्रीबाई फुले जी (प्रथम महिला शिक्षिका) के जयंती के अवसर पर किया गया। माह फरवरी में होने वाली परीक्षा को देखते हुए ये कक्षाएं शिक्षिका शीला पटेल, द्वारका प्रसाद करकरे (ब्लाक प्रौढ समन्वयक पथरिया) तथा कमलेश कुमार पटेल (संकुल समन्वयक) के सहयोग से संचालित की गई। शिक्षिका शीला पटेल ने महिलाओं तथा बालिकाओं गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य कराया। शीला पटेल ने कहा अशिक्षा एक अभिशाप हैं, जिसे हम अपने प्रयास से मिटा सकते है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव की सरपंच संगीता ठाकुर के साथ -साथ महिलाओं तथा बालिकाओं की उपस्थिति रही।

## कार्यशाला का आयोजन



**दमोह।** एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन कार्यशाला आयोजन दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्यल चिकित्सा एिवं स्वा स्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बेक के मार्गदर्शन मे जिला प्रशिक्षण केंद्र, जटाशंकर दमोह मैं 10.30 बजे से किया गया। प्रशिक्षण डीआईओ डॉक्टर रेक्सन अल्बर्ट एवं डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन के द्वारा प्रदान किया गया। एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन के लिए विगत 05 वर्षो के टी.बी. मरीज, विगत 03 वर्षो के टीबी मरीजों के संपर्क व्यसक्ति, 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यसक्ति, तंबाकू व स्मोकिंग करने वाले व्यजक्ति, शुगर वाले व्य क्ति एवं बॉडी मास इंडेक्स मे 18 **kg/sq mtrs** से कम वाले व्यक्तियों का सर्वे कर उनकी लाईन लिस्टिंग की जाना है। उक्त कार्यशाला मे समस्त, सीबीएमओ, बीएमओ, शिक्षा विभाग से एपीसी श्रीमती किरण उपाध्याय, डीपीएम, एपीएम, डी सी एम, डीईआईसी मैनेजर, सुपरवाइजर, बी.पी.एम., बीसीएम, बी ई, डीपीसी, आरआई डाटा मैनेजर,वीसीसीएम,समस्त एसटीएस, एसटीएलएस, टीबीएचवी, दीपक फाउंडेशन, ममता फाउंडेशन एवं जीएलआरए के ग्रुप लीडर आदि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



केन्द्र एवं राज्य सरकार की मंशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम नगर परिषद हिंडोरिया में आयोजित किया गया। जिसमें हटा विधायक उमा देवी खटीक विशेष रूप से शामिल हुई। विकसित भारत संकल्प यात्रा में मंचीय प्रोग्राम में सभी वक्ताओं ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित आम जनता को विस्तार से अवगत कराया। साथ ही कार्यक्रम के समापन पर ₹हमारा संकल्प विकसित भारत₹ की सामुहिक शपथ भी ली गई। विधायक उमा देवी ने कहा कि देश एवं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। वर्तमान मे विकसित भारत यात्रा के माध्यम से आम जनता को सरकार की जनहितैषी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। उन्होने हिण्डोरिया की लम्बित पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के अलावा हिण्डोरिया को ब्लॉक तहसील का हक वापिस दिलाने, एक्सीलेंस स्कूल खोलने, खेल मैदान निर्माण करने सहित नगर विकास मे भरपूर सहयोग का भरोसा दिया। विधायक ने तहसीलदार श्री चतुर्वेदी, पटवारी की खिचाई करते हुये सभी विभागों के शासकीय अधिकारियो एवं कर्मचारियों से भृष्टाचार मुक्त व्यवस्था एवं सुविधा जनता को उपलब्ध कराने फटकार लगाई। एवं जनशिकायत पर सख्त कार्यवाही का लोगों को विश्वास दिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र सिंह, लक्ष्मन पटैल, राम सिंह ठेकेदार, बल्कि सिंह, अन्नू राजपूत, गनेश सिंह,हबीब राजा, कालूराम अहिरवार, मुन्ना चौरसिया एवं समस्त नपा पार्षद के अलावा नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, बीएमओ अमित मिश्रा, नपा कर्मी शिवराज सिंह लोधी, बहादुर रहमान, सददू बाबू, सना उर रहमान, रवि चौरसिया, लोकेंद्र परिहार, सुश्री बबली, गोविन्द सेन, राजकुमार चौरसिया, आगंनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका, समूह सदस्य तथा स्थानीय अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नपा हिण्डोरिया सीएमओ राजेन्द्र खरे की अनुपस्थिति विशेष चर्चा का विषय बनी रही।